## प्याज बहुत ही उपयोगी, इसमें हैं एंटी बैक्टीरियल गुण



प्याज बहुत ही उपयोगी सब्जी है। इसमें एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं। यह खून मे विषैले तत्वों को बाहर निकालता है। इसकी सब्जी बनाकर खाने से बुखार, कफ और कोलेस्ट्रॉल कम होता है। पुराने जमाने में इजिप्शियन नियमित रूप से प्याज और लहसुन खाते थे। सल्फर की वहज से इनसे तीखी गंध आती है। सब्जियों में आलू के सबसे ज्यादा खाने में खाई जाने वाली सब्जी है प्याज। प्याज सेहत के लिए बहुत लाभकारी है। अगर पथरी की समस्या से है तो प्याज आपके लिए बहुत लाभकारी है। प्याज के रस को चीनी में मिलाकर उसका शरबत बना लें इसे पीने से पथरी परेशानी से राहत मिलेगी। आंखों के लिए भी यह बेहतरीन औषधि है। प्याज में केलिसनि और रायबोफ्लेविन विटामिन बी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। कच्चा प्याज खाने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढता है। प्याज और अदरक का रस अस्थमा के रोगियों के लिए अच्छा होता है। प्याज खाने से खून पतला होता है और लिवर की बीमारियों के लिए अच्छा माना जाता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्याज खाने के बाद मुंह से गंध आने लगती है, लेकिन पोदीने की पत्तियां खाने से इस गंध को दूर किया जा सकता है। प्याज खाने से कैंसर सेल को बढने से रोकता है। इसमें सल्फर तत्व अधिक मात्रा में होते हैं। यह सल्फर पेट, ब्रेस्ट, फेफडे प्रोस्टेट कैंसर से बचाता है। बाल झडने की परेशानी है तो प्यार आपके लिए बहुत लाभकारी है। गिरते हुए बालों की जगह पर प्याज का रस रगडने से बाल गिरना बंद हो जाएंगे। इसके अलावा बालों का लेप लगाने पर काले बाल आना शुरू हो जाते हैं।

### कब्ज की शिकायत को करें दूर

प्याज में मौजूद रेशे पेट के लिए काफी लाभकारी होते हैं। यदि आपको कब्ज की समस्या है तो कच्चा प्याज रोजाना खाने में शामिल कर दें।

### गले की खराश को कम करें

यदि आप सर्दी, कफ या खराश जैसी समस्या के शिकार हैं तो प्याज का रस पीजिए। इसमें आप शहद या गुड मिलाकर पानी अधिक फायदेमंद साबित होगा।

### गठिया रोगी के लिए लाभकारी

अगर आपके घर में किसी को जोडो में दर्द रहता है। तो प्याज के रस की मालिश करने से आराम मिलेगा। प्याज के रस को सरसों के तेल में मिलाकर उस जगह पर मालिश करने से आराम मिलता है।

## घरेलू उपाय:जड़ों में हो दम, तो बाल गिरें कम



महिला हर किसी के सिर में कभी-कभार खुजली जरूर होती है। वैसे कहा और देखा यह जाता है कि महिलाओं व बच्चों के सिर में ज्यादा खुजली चलती है। इसका एक आम कारण महिलाओं के बालों में रूसी का होना और बच्चों में जुओं का होना माना जाता है। लेकिन सिर्फ यही दो ऐसे कारण नहीं हैं जिनकी वजह से खुजली होती है और भी कुछ ऐसे कारण होते हैं जिनके कारण न चाहते हुए भी सिर खुजलाना पडता है। तनाव या फिर किसी शैंपू की एलर्जी के कारण भी ऐसा हो सकता है। वैसे तो रूसी बालों की आम समस्या है, लेकिन बालों में यदि लंबे समय तक रूसी बरकरार रहे, तो इससे बालों को बहुत नुकसान पहुंचता है। अत: रूसी से तुरंत छुटकारा पाना जरूरी है। अगर आप इस खुजली से छुटकारा पाना चाहती हैं तो आप नीचे बताए गए कुछ उपायों को आजमाकर इससे छुटकारा पा सकती हैं। बाल धोने के बाद उन्हें जोर से रगडकर पोछें, इससे ब्लड सर्कुलेशन बढेगा और स्काल्प की स्किन हेल्दी रहेगी। पकी हुई उडद दाल और मेथीदाने के पेस्ट से हफ्ते में कम से कम 3 बार बाल धोएं। इससे बालों में किचकिचापन और धूली मिट्टी नहीं जमेगी और आपको खुजली भी नहीं होगी। जैसमिन की जडों को नींबू रस के साथ पीस लें। इससे स्काल्प और बालों को धोएं। पालक, सलाद, गाजर का रस पीएं, बाल व स्काल्प हेल्दी रहेंगे। नारियल या सरसों के तेल से हफ्ते में 3 बार मालिश जरूर करें जितना ज्यादा तेल मालिश करेंगी आप, स्काल्प उतना ही हेल्दी रहेगा। यदि आपके बालों में डैंड्रफ अर्थात् रूसी है तो घबराने की कोई बात नहीं है। आप इस बीमारी से छुटकारा पा सकती हैं। मेथीदाना और राई का पेस्ट बालों में लगाएं। साथ ही बादाम तेल और आंवले के तेल को मिक्स करके उंगलियों के पोरों से बालों की जडों में लगाएं। जैतून के तेल में नींबू का रस और नारियल तेल मिलाकर गर्म करें और बालों में लगाएं। कम से कम 15 मिनट तक गर्म तौलिया लपेटर रखे, बाद में शैंपू कर लें। दो भाग नारियल के तेल में एक भाग नींबू का रस मिलाकर बालों की जडों में मसाज करें। इसे फिर आप 3-4 घंटे बाद गुनगुने पानी से धो लें। आधा कप नारियल या नीम के तेल में एक टी स्पून कपूर मिक्स कर लें।

## नवरात्रि का पर्व 21 से 29 सितंबर तक

नवरात्रि का त्योहार नजदीक है, भारत में नवरात्रि के पर्व को बेहद ही उल्लास के साथ मनाया जाता है. इस साल नवरात्रि 21 सितंबर से शुरू होकर 29 सितंबर तक चलेगे. शरद नवरात्रि 9 दिनों तक चलने वाला पर्व है जिसमें देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाता है. हिन्दू कैलेंडर के अनुसार नवरात्रि अश्विन महीने में आते हैं।

# प्रभास संग साहो मेरे लिए बेहद खास फिल्म: श्रद्धा कपूर



बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी रिलीज के लिए तैयार अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी फिल्म हसीना पारकर के प्रमोशन में जुटी हैं। श्रद्धा ने अपनी अगली फिल्म साहो और फिल्म के अभिनेता प्रभास के बारे में भी बात की। श्रद्धा ने बताया कि यह फिल्म उनके लिए कई मायनों में बेहद खास है, क्योंकि वह पहली बार एक साथ कई भाषाओं में बनने वाली फिल्म में काम कर रही हैं। श्रद्धा कहती हैं, मेरे लिए बहुत बड़ी बात है कि फिल्म साहो में मुझे प्रभास के साथ काम करने का मौका मिल रहा है। मैं साहो को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मैं इस फिल्म को लेकर इस लिए भी ज्यादा उत्साहित हूं क्योंकि पहली बार एक साथ कई भाषाओं में बनने वाली फिल्म का मैं हिस्सा बन गई हूं। हम इस फिल्म को 2 भाषाओं में शूट करेंगे। हिंदी और तेलगु में। अभी मैं दो दिन पहले हैदराबाद में ही थी, जहां प्रभास के साथ मेरी स्क्रिप्ट की रीडिंग थी। इस हफ्ते से ही हमारी फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। श्रद्धा आगे बताती हैं, मैं जब पहली बार प्रभास से मिली तो उनको मैंने बताया कि मैं श्रद्धा हूं, उन्होंने मुझे सबसे पहले पूछा क्या आपको भूख लगी है? मैंने कहा कि मैं हमेशा भूखी रहती हूं। उनके इस सवाल से मैं समझ गई कि हमारी खूब अच्छी जमेगी क्योंकि मुझे भी खाने का खूब शौक है। उन्होंने मुझे अपने घर का बहुत स्वादिष्ट खाना खिलाया और बोले कि जब भी हैदराबाद में शूट करेंगे आपके लिए मेरे घर से आ जाएगा। प्रभास बहुत ही अच्छे व्यक्ति हैं। अपनी बात आगे बढाते हुए श्रद्धा बताती हैं, लोग कहते हैं कि प्रभास बहुत कम बात करते हैं, मुझे भी ऐसा ही लगता था, लेकिन मैं अब तक सिर्फ दो दिन तक उनके साथ थी तो मेरे साथ उनका बहुत जल्दी कनेक्शन बन गया। मुझे लगता है खाने की वजह से हमारा कनेक्शन जल्दी हो गया। श्रद्धा की फिल्म हसीना पारकर आतंकवादी दाऊद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर पर आधारित है। फिल्म में दाऊद की भूमिका में श्रद्धा के भाई सिद्धांत कपूर हैं। यह फिल्म 22 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

## सनकी दारोगा रवि किशन की दीवानी हुई भोजपुरी सिनेमा की हॉट केक अंजना सिंह

भोजपुरी फिल्मों की हॉट केक अंजना सिंह इन दिनों एक दारोगा वो भी सनकी दारोगा के इश्क में हैं. आलम ये है कि गुंडों की बोलियों का जवाब गोली से देने वाले दारोगा भी हॉट केक अंजना सिंह के प्यार की आग में पिघल गए हैं. जी हां यहां बात हो रही है भोजपुरी फिल्मों के मेगा स्टार रवि किशन और एक्ट्रेस अंजना सिंह की. अंजना ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत रवि किशन के साथ की थी और बेहद तेजी से 50 फिल्मों का सफर पूरा कर लिया है. दोनों चौथी बार एक दूसरे के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं.

हाल ही में दोनों की मुख्य भूमिका वाली फिल्म सनकी दारोगा का मुहूर्त भव्य तरीके से मुंबई में आयोजित हुआ. मुहूर्त के दौरान जहां रवि किशन अपने चिरपरिचित अंदाज में नजर आएं. वहीं, भोजपुरी की ग्लैमरस गर्ल अंजना सिंह ट्रेडिशन आउटफिट में स्पॉट हुईं. मीडिया से बातचीत के दौरान अंजना सिंह ने बताया कि रवि किशन के साथ काम करना उन्हें हमेशा से रोमांचित करता है क्योंकि वे एक्टिंग के पावर हाउस हैं और उनसे काफी कुछ सीखने मिलता है. रवि किशन ने भी अंजना सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि कैमरे के सामने वो काम के प्रति समर्पित है और यही वजह है कि दोनों की कैमिस्ट्री पर्दे पर उभर कर आती है।

# विशाल भारद्वाज की अगली कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी



विशाल भारद्वाज की अगली कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी विशाल भारद्वाज ने 2010 में अपने असिस्टेंट डायरेक्टर अभिषेक चौबे को विद्या बालन, नसीरुद्दीन शाह और अरशद वारसी के साथ फिल्म इश्किया के लिए लॉन्च किया। हमने आपको बताया था कि वह ओमकारा और 7 खून माफ जैसी फिल्मों में उनके असिस्टेंट रहे हनी त्रेहान को बतौर डायरेक्टर लॉन्च करने वाले हैं। हनी त्रेहान दीपिका पादुकोण स्टारर माफिया चीन रेहाना खान पर आधारित फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस फिल्म में दीपिका जानी-मानी डॉन राहिमा खान उर्फ सपना दीदी के किरदार में नजर आएंगी। वहीं, इरफान एक लोकल गैंगस्टर के रोल में नजर आएंगे, जिन्हें राहिमा से प्यार हो जाता है। साथ ही अब खबर यह है कि डायरेक्टर और प्रड्यूसर विशाल भारद्वाज की अगली फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म कॉमिडी ड्रामा होगी और इसे डायरेक्ट करेंगे आदित्य निंबलकर। आदित्य ने विशाल के साथ पहले भी कमीने हैदर और रंगून जैसी फिल्मों में काम किया है। आदित्य निंबलकर इस स्क्रिप्ट पर काफी समय से काम कर रहे थे। खबर है कि आदित्य ने नवाज को स्क्रिप्ट सुना दी है और नवाज को यह पसंद भी आ गई है। आदित्य और विशाल को लगता है कि नवाज इस फिल्म के कैरक्टर के हिसाब से राइट मैच हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस कॉमिडी फिल्म में बरेली की बर्फी की ऐक्ट्रेस कृति सेनन को लिया जा सकता है। इस फिल्म को उत्तर भारत के पहाड़ी एरिया में शूट किया जाएगा।

## तापसी-आलिया हुई शॉर्टस में हॉट

बॉलीवुड की कई सारी अभिनेत्रियां कभी शॉर्ट्स में फोटोशूट, इवेंट या फिर कहीं आउट डोर शूटिंग के दौरान शॉर्ट्स पसंद करती हैं। वहीं बॉलीवुड में वैसे तो हर अभिनेत्री का भी ऐसा ही कुछ स्टाइल और अंदाज देखने को मिलता है। हाल ही में आलिया भट्ट और तापसी पन्नू ने लाइट कलर के आउटफिट और शॉट पेंट ने तो सबका मन मोह लिया, खासतौर पर गर्ल्स। कूल और फैशनेबल दिखने के लिए शॉट पेंट को अपनी वॉडरोब में शामिल कीजिए। शॉट पेंट पर फंकी स्टाइल का वर्क करवा सकती हैं। इससे स्टाइलिश लुक मिलगा। आप चाहे तो वेस्ट शॉर्टर्स के साथ फ्लैट फुटवियर पहन सकती हैं, इससे आपको ग्लैमर लुक मिलगा। बॉलीवुड की कई सारी अभिनेत्रियां कभी शॉर्ट्स में फोटोशूट, इवेंट या फिर कहीं आउट डोर शूटिंग के दौरान शॉर्ट्स पसंद करती हैं। हॉट एण्ड शॉट्स पेंट में दीपिका पादुकोण, प्रियंका चोपडा, जैकलिन फर्नांडीज, आलिया भट्ट आदि को शॉर्ट्स पहनना काफी पसंद है।

## परिणीति ने किया अपनी जिंदगी से जुड़ा बड़ा खुलासा



बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपडा पिछले कुछ महीनों से फिल्मी दुनिया से दूर है। 'इश्कजादे' से बॉलीवुड में दमाकेदार बॉलीवुड में एंट्री करने वाली परिणीति ने एक नया खुलासा किया है। परिणीति चोपड़ा का कहना है कि वह हर दो महीने में एक नए देश की यात्रा करती हैं। परिणीति ने बताया, 'सच कहूं तो मैं यात्रा की शौकीन हूं। मैं बहुत घूमती हूं और हर साल 4 से 5 देशों में घूमने जाती हूं। मैं हर दो महीने में एक नए देश की यात्रा पर जाती हूं। यात्रा करना मेरे लिए बहुत जरूरी है।' परिणीति को ऑस्ट्रेलिया में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'फ्रेंड ऑफ ऑस्ट्रेलिया' (एफओए) पैनल में पहली भारतीय महिला एम्बेसेडर के रूप में नियुक्त किया गया है। परिणीति फिलहाल क्वींसलैंड और उत्तरी क्षेत्र के राज्यों में अपनी छुट्टियों का मजा ले रहीं हैं।

## .... तो इसलिए फ्रांसीसी सीख रही है रीना अग्रवाल

नए धारावाहिक 'क्या हाल मिस्टर पांचाल' में प्रेमा की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री रीना अग्रवाल अपनी भूमिका के लिए फ्रांसीसी सीख रही हैं और उनका कहना है कि वह इसके लिए उत्सुक हैं। रीना ने कहा, 'जब निर्माताओं ने मुझे फ्रांसीसी सीखने के बारे में बताया, तो मैं बहुत उत्साहित थी। ट्यूटर रोजाना मेरे मार्गदर्शन के लिए आते थे। यह प्रशिक्षण मेरी संवाद अदायगी में बेहद मददगार साबित हुआ।

मैं इस अनुभव का आनंद ले रही हूं और इस शो का हिस्सा बनने के लिए खुद को भाग्यशाली मानती हूं।' रीना फ्रांसीसी सीख रही हैं, क्योंकि इस धारावाहिक के ज्यादातर संवाद इसी भाषा में हैं। 'क्या हाल मिस्टर पांचाल' हास्यपूर्ण धारावाहिक है, जिसमें एक सास अपने बेटे के लिए पांच गुणों से परिपूर्ण बहू की तलाश में है।

## टीआरपी की रेस में केबीसी-9 अव्वल

भारतीय टेलीविजन ने कामयाबी रियलिटी शोज के माध्यम से कामयाबी की कुंजी हासिल कर ली है. तभी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल इंडिया (बार्क) की रेटिंग में शहरी इलाकों में टॉप पांच में आने वाले शो में तीन रियलिटी शो है. साल 2017 के 36वें हफ्ते (2 से 8 सितंबर) तक के डाटा में अमिताभ बच्चन के 'कौन बनेगा करोड़पति-9' ने बाजी मारी है. शहरी इलाकों में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शो में यह टॉप पर आया है।

## आमर्ता में नजर आएगा राजकुमार का बिल्कुल अलग अवतार

टेरिज्म पर बेस्ड राजकुमार राव स्टारर फिल्म ओमर्ता का टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सोमवार को वर्ल्ड प्रीमियर हुआ। टोरंटो से राजकुमार ने कहा, ये सिर्फ संयोग है कि फिल्म की स्क्रीनिंग 9/11 को हुई है। पूरा हॉल पैक था। फिल्म ने दर्शकों को पूरी तरह बांध दिया और हमें इसके लिए डबल ओविएशन मिला।

**ओमर्ता नहीं है शाहिद का सीक्वेल-** राजकुमार ने आगे ये भी बताया, 2012 में शाहिद का प्रीमियर नहीं हो सका लेकिन इसे लेकर लोगों की खुशी उन्हें अब भी याद है। राजकुमार के मुताबिक, ऑडिटोरियम में ऐसे कई लोग थे जिन्होंने शाहिद देखी थी और वे खुद को ओमर्ता से रिलेट कर सके। हालांकि, ये शाहिद का सीक्वेल नहीं है लेकिन कुछ उसके जैसी है। ओमर्ता में एक सीन था, जिसमें ओमर शेख उसी जेल में होता है जिसमें शाहिद होता है। दोनों इंसाफ न मिलने के विक्टिम हैं, लेकिन दोनों इसका सामना करने के लिए अलग-अलग रास्ता चुनते हैं।

**ओमर्ता सबसे कठिन फिल्मों में से एक-**राजकुमार ने स्वीकारा कि ओमर्ता उनकी की गई कठिन फिल्मों में से एक है और इसे दोबारा देखना उन्हें कुछ विचलित कर देने वाले सीन्स में वापस ले जाता है। वह कहते हैं, ये फिल्म एक चैलेंज थी क्योंकि ऐसे डार्क वर्ल्ड का मुझे पहले अनुभव नहीं रहा था। डायरेक्टर हंसल मेहता ने ऐसा अमेजिंग कैरेक्टर प्ले करने के लिए मुझे जोर दिया।

**फिल्म की लोकेशन-कैनवास इंटरनेशनल** -ये पूछे जाने पर कि जिस तरह ऑफबीट सिनेमा आपको इंटरनेशनल एक्सपोजर दे रहा है उस पर कैसा लगता है, राव कहते हैं, यही सिनेमा की खूबसूरती है। इसकी कोई भाषा नहीं है। ओमर्ता ग्लोबल फिल्म है क्योंकि पूरी दुनिया आतंकवाद का सामना कर रही है। फिल्म की लोकेशन और कैनवास काफी इंटरनेशनल है और इस पर मिल रहे रिएक्शन्स से मुझे खुशी है।

**बरेली की बर्फी से बिल्कुल हटकर रोल** -हाल ही में रिलीज हुई हल्की कॉमेडी वाली फिल्म बरेली की बर्फी में अहम किरदार निभाने वाले राजकुमार का ओमर्ता में बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। हालांकि, राजकुमार के लिए फिल्मों का जॉनर मैटर नहीं करता है।

# मुनाफे की आशा से महिला केंद्रित फिल्में बनाना चाहती : ज्योतिका



आगामी तमिल फिल्म 'मैगलीर मट्टम' में एक वृतचित्र निर्माता की भूमिका में नजर आने वाली तमिल फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री ज्योतिका का कहना है कि पुरुष-प्रधान उद्योग में मुनाफा कमाने की आशा के साथ महिला-केंद्रित फिल्में बनाना एक चुनौती है। '36 व्यधिनिले' के साथ शानदार वापसी करने वाली ज्योतिका 'मैगलीर मट्टम' की रिलीज को लेकर बेहद उत्साहित है। उन्होंने कहा, "मैं अपने प्रशंसकों से प्रतिक्रिया पाने को लेकर उत्सुक हूं। चूंकि यह एक पुरुष-प्रधान उद्योग है तो यहां महिला-केंद्रित फिल्में बनाना और उनसे मुनाफा कमाने की उम्मीद करना एक चुनौती है।" ज्योतिका ने कहा, "स्थिति यह है कि पुरुष प्रधान किरदार के साथ एक खराब फिल्म भी तीन-चार दिनों तक सिनेमाघरों में भीड़ बनाए रखती है। वहीं दूसरी ओर महिला-केंद्रित फिल्में अच्छे विषय के बावजूद रिलीज के शुरुआती सप्ताह के बाद सिनेमाघर से बाहर हो जाती हैं।" वह हालांकि अपनी फिल्म को लेकर व्याकुल व आश्वस्त हैं। ब्राम्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में उर्वशी, सरन्या पोवन्नन और भानुप्रिया शामिल हैं। ज्योतिका ने बताया, "जब मैंने ब्राम्मा की पटकथा पढ़ी तो मैं इससे प्रभावित हुई। यह फिल्म दिखाती है कैसे एक बहू अपनी सास और उनके मित्रों को यात्रा पर ले जाती है। यह एक ऐसी कहानी है जो अछूती है। मेरे लिए इससे अधिक आश्चर्य वाली क्या बात होगी कि इस तरह की कहानी एक पुरुष लेकर आया।" ज्योतिका ने अपने करियर के शुरुआती दौर में ही व्यवसायिक सिनेमा और विषयपरक फिल्मों में अच्छा संतुलन बनाया था और फिल्मी पर्दे पर वापसी के बाद वह '36 व्यधिनिले' और 'मैगलीर मट्टम' जैसी महिला प्रधान फिल्मों पर ध्यान केंद्रित कर रहीं हैं।

## ये रिश्ता क्या कहलाता है के ये एक्टर रियल लाइफ में भी एक दूसरे को कर रहे हैं डेट




टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है के कार्तिक और नायरा के नाम से मशहूर मोहसिन खान और शिवांगी जोशी काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। दोनों मीडिया के सामने अपने प्यार का इज़हार भी कर चुके हैं. अब ऐसी अफवाह है कि शो की एक और लीडिंग जोड़ी रियल लाइफ में डेट कर रही है। जी हां, मोहेना सिंह और ऋषि देव पर्दे पर तो रोमांस कर ही रहे हैं लेकिन असल जिंदगी में भी दोनों एक-दूसरे से प्यार करते हैं।

## खत्म हुआ इंतजार, इस दिन होगा गोलमाल अगेन का ट्रेलर रिलीज

रोहित शेट्टी की मल्टीस्टारर फिल्म 'गोलमाल अगेन' का ट्रेलर 22 सितंबर को रिलीज होने जा रहा है. रोहित शेट्टी की गोलमाल सीरीज की अभी तक रिलीज हुई सभी फिल्में सफल रही हैं और सब में कॉमेडी का भरपूर धमाल रहा है. फिल्म की घोषणा जिस तरह से की गई है उसे देखकर इशारा मिल जाता है कि फिल्म में कॉमेडी का जबरदस्त छौंक रहने वाला है. अब आप जरा ट्रेलर रिलीज की घोषणा की टैग लाइन ही देख लीजिए।